...ाद

...कम
...ा है।

...अतिरिक्त
...करता है।

...नींबू
...बे और झाईयों को
...में मदद करता है।

तुलसी
त्वचा की रंगत को
हल्का करता है।

बादाम
त्वचा को नमी देता है और
इसे कोमल बनाता है।

खीरा
त्वचा को ताजगी
प्रदान करता है।

New
Dr. Juneja's
Roop Mantra ®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes

..., बोले सीएमडी

...ा लक्ष्य

...एमओयू महत्वपूर्ण

...के सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि ...ी शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें .... यह एमओयू युवा पीढ़ी के लिए एक ... अपने कैरियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने ... प्रयास उनके समाज के प्रति दायित्व ... भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को

महाप्रबंधक विद्युत साहा, निलांजना चक्रवर्ती एवं उनकी टीम उपस्थित थी. वहीं सिपेट की ओर से डिप्टी डायरेक्टर और कोलकाता सेंट्रल टूल रूम की तरफ से सीनियर मैनेजर ट्रेनिंग अर्जुन विश्वास उपस्थित थे.

...ुए सम्मानित

कलाकारों ने 'कैनवास की मौत' नाटक प्रस्तुत किया. मौके पर 99 ग्रुप के महेश मोदी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा बतौर अतिथि थे. कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुंदन, निर्देशक राजेंद्र प्रसाद, पूनम प्रसाद, वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा व उनकी धर्मपत्नी नूतन सिन्हा, संतोष रजक, सरसी चंद्रा, यूसी मिश्रा, हेमंत कुमार मंडल, नरेश राय, मिताली मुखर्जी, महेंद्र गिरि, रविकांत आदि सक्रिय रहे.

...भियान शुरू

ओवरसियर ग्रेड-सी पद के लिए 20 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

धनबाद. बीसीसीएल में ओवरसियर ग्रेड-सी पद पर पदोन्नति की चाह रखने वाले कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है. अब मैट्रिकुलेट व सिविल इंजीनियरिंग कोर्स में तीन साल का मान्यता प्राप्त डिग्री-डिप्लोमा उत्तीर्ण कंपनी के कर्मचारी उक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं. इस आलोक में बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना विभाग के जीएम के हस्ताक्षर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है. बता दें कि बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से ओवरसियर ग्रेड-सी (टी एंड एस) के पद पर चयन के लिए 15 फरवरी को अधिसूचना जारी की गयी थी. इसमें उल्लेख किया गया था अभाव श्रेणी से संबंधित कर्मचारियों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा. इसमें अब संशोधित किया गया है और अपेक्षित योग्यता रखने वाले कर्मचारी यदि पहले आवेदन नहीं किया है तो वे 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं.

उपायुक्त के माध्यम से पीएम को भेजा ज्ञापन

धनबाद. जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिला संयोजक संजय सिंह के नेतृत्व में जनसंख्या विस्फोट जैसी समस्या रोकने के लिए डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा. डीसी के मीटिंग में व्यस्त रहने के कारण कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन एडीएम विधि-व्यवस्था को सौंपा.मौके पर प्रदेश मंत्री दीपक सिंह, संगठन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेष नारायण सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष संजय मोदक, जिला महामंत्री विक्रम महतो, दीपक कुमार झा, जितेन्द्र कुमार सोनी सहित कई सदस्य शामिल थे.

सिटी बाइट्स

सीए की परीक्षा में सफल विद्यार्थी किये गये सम्मानित

धनबाद. आइसीएआइ धनबाद शाखा ने मंगलवार को सीए की परीक्षा में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया. चेयरमैन सीए राहुल सुरेका ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सभी नव योग्य सदस्यों को सबसे पहले यह तय करना चाहिए कि उन्हें नौकरी करनी है या प्रैक्टिस. उसी के अनुसार योजना व रणनीति बनानी चाहिए. समारोह में सचिव शशांक शेखर जायसवाल, वाइस चेयरमैन सीए शुभम खंडेलवाल, सीआइसीएसए अध्यक्ष सीए सौरव अग्रवाल समेत छात्रों के परिवार के सदस्य मौजूद थे.

एससी-एसटी शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए धरना 20 को

धनबाद. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ ने अनुमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा है. इसमें उपाध्यक्ष मिभुवन चौधरी ने कहा कि शिक्षकों को ग्रेड-4 में प्रोन्नति दी गयी है. इसमें सामान्य श्रेणी के 2003 व 2004 में नियुक्त शिक्षकों को प्रोन्नति मिली है. लेकिन एससी व एसटी के शिक्षकों का नियुक्ति वर्ष 1987 से 200 होने के बाद भी ग्रेड-4 में प्रोन्नति नहीं दी गयी है. इसके विरोध में संघ 20 जुलाई को रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन करेगा.

आरसीएमयू की बैठक अब पांच अगस्त को

धनबाद. कोयला नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में 19 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) की बैठक अब पांच अगस्त को होगी. यह जानकारी मंगलवार को आरसीएमयू के महामंत्री एके झा ने दी. उन्होंने यूनियन के सभी पदाधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने की अपील की है.

बीसीसीएल BCCL Bharat Coking Coal Limited

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

G20

रूची की अभिव्यक्ति हेतु सूचना

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड अपनी दो कौशल विकास सीएसआर परियोजनाओं "मेडिकल उपकरण तकनीशियन" और "रेडियोलॉजी तकनीशियन" के निष्पादन के लिए बाहरी कार्यान्वयन पात्र एजेंसियों (सामान्य परिपत्र सं. 14/2021, दिनांक 25/08/2021 के तहत कारपोरेट-कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा सीएसआर पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के बिंदु 5.2 के संदर्भ में) से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। दोनों परियोजनाओं के लिए विस्तृत आवश्यकताएँ B.C.C.L. की वेबसाइट https://www.bcclweb.in/?page_id=13446&lang=en पर प्रदर्शित की गई हैं.

यह सूचना बीसीसीएल की वेबसाइट www.bcclweb.in पर भी उपलब्ध है।